कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2013 / लखनऊःदिनांकः 17 **अक्टूबर, 2013**

सी0पी0एम0टी0–2013 के माध्यम से बी0एच0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 (शासकीय क्षेत्र) तथा बी0ए0एम0एस0 (निजी क्षेत्र हेतु) पाठ्यक्रम हेतु द्वितीय चक्र की काउसिलिंग की समय सारणी

काउंसिलिंग स्थल का नाम–टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, रायबरेली रोड़, लखनऊ दूरभाष–0522–2495235			
आमंत्रित अभ्यर्थी	**प्रमाण पत्रों के सत्यापन का दिनांक एवं पंजीकरण तिथि (समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक)**	**काउंसिलिग की तिथि एवं स्थान**	**पाठ्यक्रम**
स्टेट रैंक 01 से सभी श्रेणी / उपश्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी* (**GEN**, **OBC**, **SC**, **ST**, **FF**, **EA**, **PH**, **NCC)**	24.10.2013 (गुरूवार)	25.10.2013 (शुक्रवार)	BHMS & BUMS शासकीय सीटें एवं BAMS निजी क्षेत्र की सीटें

(**GEN** -सामान्य (अनारक्षित), **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग, **SC**-अनुसूचित जाति, **ST**- अनुसूचित जनजाति, **FF**-स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी, **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित, **PH**-विकलांग, **NCC**–एन0सी0सी0)

***सीटें उपलब्ध रहने तक**

नोटः–

1– सर्वप्रथम सीटों की उपलब्धता के आधार पर उपश्रेणी की काउंसिलिंग की जाएगी। तत्पश्चात् स्टेट रैंक के अनुसार मुख्य श्रेणी की काउंसिलिंग की जाएगी।

2– शैक्षिक सत्र 2013–14 हेतु राजकीय आयुर्वेदिक कालेजों की सीटों पर आवंटन की कार्यवाही नहीं की जायेगी। काउंसिलिंग की तिथि तक यदि कोई अन्य सूचना होती है तो तदनुसार website www.updgme.in पर प्रदर्शित की जायेगी।

3– उक्त काउंसिलिंग केवल एक ही काउंसिलिंग केन्द्र–'टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, रायबरेली रोड, लखनऊ' पर ही सम्पन्न की जाएगी।

अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश

1. काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु काउसिलिंग शुल्क के रूप में रूपये–300 / –(रूपये तीन सौ मात्र) तथा धरोहर धनराशि रूपया–5,000 / –(रूपये पांच हजार मात्र) है जिसे एक्सिस बैंक लि0 की उत्तर प्रदेश की किसी भी शाखा में महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0,लखनऊ के नाम से खाता संख्या–053010100400732 में जमा करना होगा। एक्सिस बैंक, अभ्यर्थियों को रू0 5,000 / –धरोहर धनराशि तथा रू0 300 / – काउसिंलिग शुल्क की रसीद अलग–अलग प्राप्त करायेगा। यह रसीद दो प्रतियों में होगी जिसमे से एक प्रति पर अभ्यर्थी तथा दूसरी प्रति पर डी0जी0एम0ई0 मार्क होगा। सभी अभ्यर्थियों को एक्सिस बैंक लि0 की जमा रसीदें अपने साथ काउसिंलिग में भाग लेने हेतु लाना अनिवार्य है। यह जमा रसीदें काउसिलिग केन्द्र पर जमा कर ली

जायेगी। **<u>काउसिलिंग शुल्क रूपये–300/– वापस नहीं होगा</u>**, परन्तु धरोहर धनराशि रूपये–5000/– एक्सिस बैंक रसीद आवंटित पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को उनके काउसिलिंग केन्द्र से दिनांक 01, नवम्बर 2013 से 31 दिसम्बर, 2013 के मध्य प्रवेश लेने के पुष्ट प्रमाण पत्र केन्द्र प्रभारी को प्रस्तुत करने पर मूल रूप में वापस कर दी जायेगी जिसे एक्सिस बैंक की सम्बन्धित शाखा में जमा कर धरोहर धनराशि रूपया–5000/– वापस प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए बैंक को कोई शुल्क देय नहीं होगा । **<u>जो अभ्यर्थी आवंटन प्राप्त करने के पश्चात् प्रवेश नहीं लेंगे उनकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।</u>** काउसिंलिग में भाग लेने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे कोई आवंटन प्राप्त नही होता है या आवंटन नहीं चाहते हैं, वह काउसिंलिग केन्द्र में Withdrawl काउन्टर पर जाकर अपनी रूपया–5000/– एक्सिस बैंक की जमा रसीद (डीजीएमई कापी) उसी दिन प्राप्त कर लें तथा अभ्यर्थी की प्रति तथा डीजीएमई प्रति एक्सिस बैंक की सम्बन्धित शाखा में प्रस्तुत कर अपनी धरोहर धनराशि प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम काउंसिलिंग हेतु सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– की रसीद काउंसिलिंग केन्द्र पर जमा की है तथा अभी तक रिफण्ड प्राप्त नहीं किया है, उन्हे केवल काउंसिलिंग शुल्क रु 300/– एक्सिस बैंक में जमा कर उसकी रसीद के साथ काउंसिलिंग में उपस्थित होना अनिवार्य है।

2. सी0पी0एम0टी0 2013 की प्रथम काउंसिलिंग के माध्यम से अध्ययनरत छात्र को प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति (N.O.C) काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी।
3. काउसिंलिंग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा website www.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।
4. श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।
5. काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।
6. काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक सत्यापित प्रतिलिपि एवं सी0पी0एम0टी0–2013 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 04 प्रतियां तथा सी0पी0एम0टी0–2013 का प्रवेश पत्र मूल रूप में साथ लाना अनिवार्य है।अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो दिनांक **31 मार्च 2013** के बाद का बना हो, तथा जिसमें क्रिमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। **<u>मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>**
7. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि यदि उक्त तिथि में होने वाली काउंसिलिंग अपरिहार्य कारणों से पूर्ण नहीं हो पाती है तो उसी क्रम में बचे हुये अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग अगले दिन सम्पन्न की जायेगी। अतः अभ्यर्थी अपनी काउंसिलिंग तिथि से एक दिन का अतिरिक्त समय लेकर ठहरने की व्यवस्था के साथ उपस्थित हों।
8. अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

महानिदेशक